उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची
## गुरूवार, 27 फाल्गुन, शक संवत्, 1937
( दिनांक : 17 मार्च, 2016 )

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. प्रश्न (देखिए नत्थी "क")।

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री ललित फर्स्वाण सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के राजकीय इण्टर कालेज हड़बाड, बागेश्वर में इण्टर स्तर में विज्ञान वर्ग में गणित प्रवक्ता पद सृजित किये जाने के सम्बन्ध में" श्री भूपाल सिंह होलारिया, निवासी ग्राम व पो0 हरवाड, तहसील/जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री ललित फर्स्वाण सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के ग्राम पंचायत नौगांव में ऑगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में" श्री सुन्दर सिंह रौतेला, निवासी ग्राम नाघर, पो0 दोफाड, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री ललित फर्स्वाण सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के ग्राम पंचायत पन्द्रहपाली में खेल मैदान निर्माण के सम्बन्ध में" श्री रमेशचन्द्र सिंह हरडिया, निवासी ग्राम व पो0 पन्द्रहपाली, तहसील एंव जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्रीमती अमृता रावत, सदस्य, विधान सभा "जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर के अन्तर्गत पीरूमदारा क्षेत्र में पानी की निकासी हेतु नालियों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री हरीशचन्द्र सनवाल, निवासी ग्राम् व पो0 पीरूमदारा, रामनगर, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्रीमती अमृता रावत, सदस्य, विधान सभा "जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर के अन्तर्गत पीरूमदारा क्षेत्र में पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में" श्री अमर सिंह नेगी, निवासी ग्राम् व पो0 पीरूमदारा, रामनगर, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्रीमती अमृता रावत, सदस्य, विधान सभा "जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर के अन्तर्गत पीरूमदारा क्षेत्र में ऐलोपैथिक चिकित्सालय/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना के सम्बन्ध में" श्री हरीशचन्द्र सनवाल, निवासी ग्राम व पो0 पीरूमदारा, रामनगर, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्रीमती अमृता रावत, सदस्य, विधान सभा "जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर के अन्तर्गत पीरूमदारा क्षेत्र की कच्ची सड़कों के डामरीकरण के सम्बन्ध में" श्री हरीशचन्द्र सनवाल, निवासी ग्राम व पो0 पीरूमदारा, रामनगर, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्रीमती अमृता रावत, सदस्य, विधान सभा "जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर के अन्तर्गत पीरूमदारा क्षेत्र में राजकीय पशुचिकित्सालय की स्थापना के सम्बन्ध में" श्री हरीशचन्द्र सनवाल, निवासी ग्राम़ व पो0 पीरूमदारा, रामनगर, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा "जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत देघाट चिकित्सालय में मानकानुसार चिकित्सक एवं अन्य कर्मियों तथा अल्ट्रा साउण्ड एवं एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने सम्बन्ध में" श्री भैरव ढौंढियाल, निवासी ग्राम गोलना, पो0 देघाट, तहसील स्याल्दे, जनपद अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा "जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत देघाट बाजार में अतिरिक्त पेयजल योजना का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती नीमा बंगारी, निवासी ग्राम भरसोली, पो0 देघाट, तहसील स्याल्दे, जनपद अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा "जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत ग्राम तलाई, पो0 खटलगांव, स्याल्दे में पेयजल योजना के निर्माण के सम्बन्ध में" श्रीमती गंगा देवी, निवासी ग्राम प्रधान तलाई,, पो0 खटलगांव, तहसील स्याल्दे, जनपद अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा "जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के वल्मरा-स्याल्दे-केदार मोटर मार्ग के अधूरे कार्य को पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री राधा रमण उप्रेती पूर्व क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, निवासी ग्राम पैठाणा, पो0 स्याल्दे, जनपद अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

17. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

18. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

19. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ख"**)

20. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

21. वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

22. पंचायतीराज मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड पंचायतीराज विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

23. पंचायतीराज मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड पंचायतीराज विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

24. उच्च शिक्षा मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आवासीय विश्वविद्यालय विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

25. उच्च शिक्षा मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आवासीय विश्वविद्यालय विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

26. समाज कल्याण मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अन्य पिछडा वर्ग आयोग (संशोधन) विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

27. समाज कल्याण मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अन्य पिछडा वर्ग आयोग (संशोधन) विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

28. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग (संशोधन) विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

29. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग (संशोधन) विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

30. वित्तीय वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक की अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

(1) संसदीय कार्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-05 निर्वाचन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 658680 हजार (रूपये पैंसठ करोड़ छियासी लाख अस्सी हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(2) वित्त मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-07 वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवाओं के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 60244740 हजार (रूपये छः हजार चौबीस करोड़ सैंतालीस लाख चालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(3) राजस्व मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-06 राजस्व एवं सामान्य प्रशासन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 27442809 हजार (रूपये दो हजार सात सो चौवालीस करोड़ अठाईस लाख नौ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(4) सहकारिता मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-18 सहकारिता के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 548715 हजार (रूपये चौवन करोड़ सत्तासी लाख पन्द्रह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग) )

(5) सिंचाई मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-20 सिंचाई एवं बाढ़ के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 12315346 हजार (रूपये एक हजार दो सौ इक्तीस करोड़ तिरपन लाख छियालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग) )

(6) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-12 चिकित्सा एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 18724079 हजार (रूपये एक हजार आठ सौ बहत्तर करोड़ चालीस लाख उन्यासी हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग) )

(7) ग्राम्य विकास मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-19 ग्राम्य विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 18849198 हजार (रूपये एक हजार आठ सौ चौरासी करोड़ इक्यानबे लाख अठ्ठानबे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग) )

(8) खाद्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-25 खाद्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 3593018 हजार (रूपये तीन सौ उन्सठ करोड़ तीस लाख अठ्ठारह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग) )

(9) पर्यटन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-26 पर्यटन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 2463506 हजार (रूपये दो सौ छियालीस करोड़ पैंतीस लाख छः हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग) )

31. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

32. रूद्रपुर विधान सभा के अन्तर्गत सिडकुल क्षेत्र में आम नागरिकों व बच्चों के लिए एक आधुनिक पार्क निर्माण के संबंध में, श्री राजकुमार ठुकराल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2016 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

33. प्रदेश के जनपद टिहरी गढ़वाल, उत्तरकाशी, बागेश्वर, चम्पावत, हरिद्वार एवं ऊधमसिंह नगर में 5464 शिक्षा प्रेरकों के मानदेय में बढ़ोत्तरी के संबंध में, श्री महावीर सिंह रांगड़, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2016 को दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

देहरादून :
दिनांक :16 मार्च, 2016

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

## गुरूवार, 27 फाल्गुन, शक संवत्, 1937

## ( दिनांक : 17 मार्च, 2016 )

नत्थी–''क''

तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण<br>06.02.2016 | *01. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पब्लिक प्राइवेट स्कूल जो राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, राज्य सरकार इन स्कूलों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को एन0सी0ई0आर0टी0 पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>06.02.2016 | *02. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन को बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा क्या नीति बनायी गयी है एवं वर्ष 2015–16 में अभी तक प्रदेश में कुल कितने पर्यटक आये हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु सरकार द्वारा क्या योजना बनायी गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>06.02.2016 | *03. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ में वर्ष 2010–11 में राज्य योजना से सौन्दर्यीकरण हेतु ऐसी कुल कितनी योजनाओं हेतु धन स्वीकृत किया गया है जिसमें केवल पहली किस्त अवमुक्त हुई है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि शेष धनराशि अवमुक्त न होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार शेष धनराशि अवमुक्त करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>08.02.2016 | *04. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की संख्या कितनी है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रदेश के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में पूर्ण रूप से सुसज्जित न्यूनतम दो दो शौचालय एक लड़के और एक लड़कियों के लिए उपलब्ध है ? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.02.2016 | *05. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए चक्रवार स्थानान्तरण ऐक्ट बना दिया गया है ? यदि हां, तो अभी तक इस एक्ट के अनुसार एक ही स्थान पर वर्षों से तैनात शिक्षकों को चक्रीय अनुक्रम में सुगम दुर्गम के विद्यालयों में क्यों नहीं भेजा जा रहा है ? क्या सरकार एक्ट को प्रभावी एवं एक समान रूप से सभी शिक्षकों पर लागू करने पर गम्भीर है? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>09.02.2016 | *06. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि यू0एन0डब्लू0टी0ओ0 द्वारा राज्य के पर्यटन विकास का मास्टर प्लान बनाया गया था ? यदि हां, तो नये पर्यटक क्षेत्रों के विकास, पर्यटक अवस्थापना तथा परम्परागत पर्यटक स्थलों के संवर्धन हेतु सरकार की कोई नीति है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>09.02.2016 | *07. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या पेयजल मंत्री राज्य में उन विद्यालयों का विधान सभा वार विवरण देने का कष्ट करेंगे जिन विद्यालयों में वर्तमान तक पेयजल व मध्याहन भोजन बनाने हेतु पानी की व्यवस्था नहीं की गयी है ? क्या मंत्री जी द्वारा प्रदेश के ऐसे सभी विद्यालयों में जो वर्तमान में पेयजल से वंचित हैं उनके लिए कोई पेयजल योजना बनायी गयी है ? यदि हां, तो विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>09.02.2016 | *08. | क्या पेयजल मंत्री अल्मोड़ा जिले के जल निगम नौला डिविजन और जल संस्थान रानीखेत डिविजन द्वारा वित्तीय वर्ष 2002 से आज समय तक कौन कौन से कार्य कितने कितने लागत के किए गए हैं उनकी जानकारी वर्षवार देने का कष्ट करेंगे? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कौन कौन से कार्य अपने तय समय में पूर्ण नहीं किये गये हैं ? क्या कार्यों को समय से पूर्ण करने हेतु कोई कार्यवाही की गई है ? यदि हां तो तत्संबंधी विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>10.02.2016 | *09. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में हजारों शिक्षकों के पद रिक्त हैं किन्तु रिक्त पदो के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया में देरी की जा रही है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विद्यालयों में शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं ? क्या मंत्री यह भी बतायेंगे कि रिक्त पदो के सापेक्ष बी0एड0 (टीईटी) धारकों की भर्ती क्यों नहीं की जा रही है ? क्या सरकार राज्य की बेरोजगारी को ध्यान मे रखते हुए बी0एड0 (टीईटी) धारकों रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>10.02.2016 | *10. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि पिछले वर्ष से आज वर्तमान समय तक पूर्ण वर्षा न होने से पर्वतीय क्षेत्रों में नदियों व जल स्त्रोतो में पानी सूख रहा है ? यदि हां, तो सरकार आने वाली गर्मियों को देखते हुए जल संरक्षण व पेयजल संकट से निपटने के लिये कोई रणनीति बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्रीमती ममता राकेश<br>15.02.2016 | *11. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में दूषित पेयजल के प्रयोग के कारण छात्र–छात्रायें बीमार हो रहे हैं ? यदि हॉ तो क्या सरकार छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालयों में आर0ओ0सिस्टम लगवाने पर विचार करेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्रीमती ममता राकेश<br>15.02.2016 | *12. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है उत्तराखण्ड राज्य में टी0ई0टी0 हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत निर्धारित हैं ? यदि हॉ तो क्या सरकार जनहित में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के उत्थान हेतु प्रदेश में आंध्रप्रदेश की भॉति टी0ई0टी0 की पात्रत्रा हेतु 50 प्रतिशत को घटाकर 40 प्रतिशत करने पर विचार करेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>16.02.2016 | *13. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर पंचायत लोहाघाट जनपद चम्पावत में बढ़ती जनसंख्या के दृष्टिगत नगर पंचायत लोहाघाट में सीवर लाईन डालने पर विचार करेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | पेयजल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>16.02.2016 | *14. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नगरों के आस–पास के क्षेत्रों में पेयजल की समस्या को देखते हुए क्या सरकार मिनी ट्यूबवैल का निर्माण कराने पर विचार करेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>17.02.2016 | *15. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शिक्षकों के स्थानान्तरण की कोई नई नीति बनाई गयी है ? यदि हॉ तो सम्बन्धित स्थानान्तरण नीति में अतिदुर्गम , दुर्गम एवं सुगम क्षेत्रों में शिक्षकों की कार्यावधि एवं विशेष तौर पर महिला शिक्षकों को उनके गृह क्षेत्र के समीप ब्लॉक क्षेत्र के अन्तर्गत कार्य स्थल आवंटन किये जाने , उम्रदराज शिक्षको को उनके नजदीकी विद्यालयों में स्थानान्तरण किये जाने आदि बिन्दुओं का ध्यान रखा गया है? यदि हॉ तो सरकार सम्बन्धित स्थानान्तरण नीति को कब लागू करने जा रही है ? यदि नहीं तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>17.02.2016 | *16. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर निगम काशीपुर के अन्तर्गत पेयजल की लगभग 60 वर्ष पुरानी पाईप लाईनें जो लगभग गल चुकी हैं, के पुर्नगठन की योजना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हॉ तो क्या प्रस्तावित योजना में पुराने शहर के अतिरिक्त शहर से जुड़ी ऐसी कालोनियॉ जो अभी तक पेयजल सुविधा से वंचित हैं को सम्मिलित किया गया है ? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रस्तावित पुर्नगठन योजना का स्वरूप क्या है और यह कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ?यदि नहीं तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री सरवत करीम अंसारी<br>23.02.16 | *17. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2014–2015 में प्रदेश में एम0डी0एम0 मद में कितना बजट प्राप्त हुआ था तथा प्राप्त बजट से मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त मदरसों में कुल कितना बजट आवंटित किया गया तथा मदरसों को दिया गया बजट कुल बजट का कितने प्रतिशत था? क्या भारत सरकार से उपरोक्त मद में प्राप्त बजट का सम्पूर्ण उपभोग किया गया था ?यदि हॉ तो सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल में उपलब्ध करायेंगे ? | **शिक्षा** |

श्री कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"
24.02.16

*18. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र खानपुर (32) हेतु मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा सं0 181/2013 के अन्तर्गत मिलापनगर, मोहनपुरा एवं ढण्ढेरा के जल प्लावन प्रभावी क्षेत्र के जल निकास हेतु सीवर व्यवस्था के सीवेज शोधन संयत्र की सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है ? यदि हां, तो उक्त योजना हेतु क्या लण्ढौरा सीवरेज योजना के साथ उक्त को "संयुक्त सीवेज शोधन संयत्र" हेतु लण्ढौरा नगर पंचायत की बन्जर 42 बीघा भूमि को स्थापना हेतु पेयजल विभाग को हस्तान्तरित कर दिया गया है जिससे कि यह महत्वपूर्ण योजना कार्यान्वित हो सके ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कुल कितनी धनराशि उक्त योजना हेतु नियोजित की गई है तथा उक्त नियोजन में से अद्यतन कितनी धनराशि किस कार्यदायी संस्था को अब तक जारी की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? **पेयजल**

श्रीमती अमृता रावत
25.02.16

*19. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के विकास खण्ड कलजीखाल की ग्राम पंचायत मरोड़ा के लिए स्वजल परियोजना (स्वैप) में निर्मित पेयजल योजना के निर्माण में हुई अनियमितताओं के संबंध में जांच करवाकर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गई है ? प्रश्नकर्ता के पत्रांक 991/मंत्री/23–पेयजल/2014–15 दिनांक 04 अप्रेल, 2014 के बावजूद भी जिलाधिकारी गढवाल द्वारा कराई गई जांच के परिणामों से प्रश्नकर्ता को अभी तक अवगत न कराए जाने का कारण क्या है तथा अनियमितताओं के निवारण हेतु की गई कार्यवाही का विन्दुवार विवरण क्या है? **पेयजल**

## अतारांकित प्रश्न

श्री हरभजन सिंह चीमा
17.02.16

1. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि काशीपुर नगर में संचालित राजकीय कन्या इण्टर कालेज की क्षमता 3000 से कम होने के कारण क्षेत्र की हजारों बालिकायें इण्टर की कक्षाओं में दाखिला लेने से वंचित रह जाती है ? यदि हॉ तो क्या सरकार इस समस्या के निदान हेतु काशीपुर में एक नया राजकीय कन्या इण्टर कालेज खोले जाने पर विचार कर रही है ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? **शिक्षा**

श्री पूरन सिंह फर्त्याल
18.02.16

2. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में गेस्ट टीचरों की नियुक्ति की गई लेकिन उनका मानदेय निश्चित न होने के कारण वह दुविधा की स्थिति में है ? क्या सरकार गेस्ट टीचरों का मानदेय निश्चित करेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? **शिक्षा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>18.02.16 | 3. | क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या राज्य के 13 जनपदों में से 06 जनपदों में जिला स्तरीय अधिकारियों के पद रिक्त होने के कारण विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और 95 विकास खण्डों में से 17 में उक्त क्षेत्र स्तरीय अधिकारियों तथा मुख्यालय पर सम्प्रेक्षक तथा वैयक्तिक सहायक के पद रिक्त होने के कारण विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों तथा लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण/अनुश्रवण आदि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? यदि हां, तो रिक्त पदों पर अधिकारियों एवं कार्मिकों की नियुक्ति/तैनाती करने/ करवाने की दिशा में की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति का जनपदवार विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों की नियुक्ति/तैनाती की जायेगी ? | **युवा कल्याण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>18.02.16 | 4 | क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पी0आर0डी जवानों की समस्याओं के संबंध में पी0आर0डी0 जवान उत्तराखण्ड की ओर से प्राप्त प्रत्यावेदन प्रश्नकर्ता के पृष्ठांकन पत्रांक 1048/मंत्री/3–युवा कल्याण/2014–15 दिनांक 17.04.2014 के द्वारा निदेशक युवा कल्याण को आख्या सहित प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है ? यदि हॉ, तो समस्याएं क्या हैं तथा निदेशक युवा कल्याण द्वारा पी0आर0डी0 जवानों के प्रत्यावेदन में वर्णित समस्याओं के निवारण के संबंध में कब और क्या आख्या प्रस्तुत की गई है तथा पी0आर0डी0 जवानों की समस्याओं के निवारण हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का समस्यावार विवरण क्या है तथा कब तक वर्णित समस्याओं का निवारण किए जाने की संभावना है ? | **युवा कल्याण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>18.02.16 | 05. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के विकास खण्ड कोट के अन्तर्गत डांडानागराजा ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण में गति/प्रगति लाए जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1049/मंत्री/23–पेयजल/2014–15 दिनांक 17 अप्रैल, 2014 के द्वारा योजना के निर्माण में गति/प्रगति लाए जाने हेतु ठोस कदम उठाए जाने का आग्रह किया गया है ? यदि हां, तो उक्त संदर्भित पत्र में वर्णित तथ्यों पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा योजना का निर्माण कब तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और अब तक कितने गावों को योजना से लाभान्वित किया गया है ? | **पेयजल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश चौहान<br><br>18.02.16 | 6. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार में विधान सभा क्षेत्र बी0एच0ई0एल0 रानीपुर क्षेत्र अन्तर्गत टी0एच0डी0सी0 की विस्थापित कालोनियों–सुमननगर, रोशनाबाद (सलेमपुर) तथा रानीपुर (भेल) में स्थित पेयजल योजनाओं (पानी की टंकी) का संचालन नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं को जल संस्थान को देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| डा0प्रेम सिंह राणा<br><br>18.02.16 | 7. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि जनपद उधमसिंहनगर जिले के नानकमत्ता को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br><br>18.02.16 | 8. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत श्री गुरू राम राय इण्टर कॉलेज सहसपुर में सरकार के स्तर से साइंस की कक्षाऍ सुचारू रूप से संचालित कराये जाने हेतु साइंस साइड वित्त सहित स्वीकृति हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br><br>18.02.16 | 9. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत तुमड़ियाडाम की विकट पेयजल समस्या के निवारण के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 5375/मंत्री/23–पेयजल/2013 दिनांक 23.12.2013 के संदर्भ में मा0 मंत्री के पत्रांक 2933 दिनांक 30 दिसम्बर, 2013 द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान नैनीताल को निर्देशित किए जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो तुमड़ियाडाम की विकट पेयजल समस्या के निवारण हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक तुमड़ियाडाम की पेयजल समस्या का निवारण किए जाने की सम्भावना है ? | **पेयजल** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br><br>19.02.16 | 10. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दैवीय आपदा के कारण जनपद पौड़ी गढवाल के विकास खण्ड कोट की पैडुल ग्राम समूह पेयजल योजना क्षतिग्रस्त होने के फलस्वरूप योजना से जलापूर्ति बन्द है ? यदि हां, तो योजना कब क्षतिग्रस्त हुई तथा जलापूर्ति कब से कब तक बन्द रही तथा जलापूर्ति बहाल करने/करवाने की दिशा में उत्तराखण्ड जल संस्थान द्वारा किए गए प्रयासों एवं उसके परिणामों का विवरण क्या है ? क्या यह भी सत्य है कि दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त उक्त पेयजल योजना की मरम्मत हेतु दैवीय आपदा के अन्तर्गत धनराशि आवंटित किए जाने के संबंध में आपके पत्रांक 797 दिनांक 03.11.2014 के द्वारा जिलाधिकारी पौड़ी गढवाल को निर्देशित किया गया है ? यदि हां तो जिलाधिकारी द्वारा तब से अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है और कई महीनों तक जलापूर्ति बन्द रखने के प्रति कौन उत्तरदायी है तथा योजना से कब तक नियमित एवं व्यवस्थित जलापूर्ति किए जाने की संभावना है ? | **पेयजल** |
| श्रीमती अमृता रावत<br><br>19.02.106 | 11. | क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत विभिन्न पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों में 104 हैण्ड पम्प अधिष्ठापित करने का प्रस्ताव/प्राकलन मुख्यालय देहरादून को प्रेषित किए जाने की जानकारी महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, नैनीताल द्वारा दी गयी है ? यदि हां, तो प्रस्तुत प्रस्ताव/प्राकलन पर मुख्यालय द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रस्तावित स्थानों पर हैण्ड पम्प अधिष्ठापित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा इसी प्रकरण में आपको संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1343/विधायक/23–पेयजल/2014–15 दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 में वर्णित तथ्यों पर की गई कार्यवाही का विवरण क्या है ? | **पेयजल** |
| श्रीमती अमृता रावत<br><br>19.02.16 | 12. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के ग्राम बसई गंगापुर पहाड़ी (पीरूमदारा) तहसील रामनगर की पेयजल समस्या के निवारण के संबंध में अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड रामनगर के पत्रांक 1187/न0ख0रा0/पेयजल दिनांक 26.07.2011 के द्वारा अधिशासी अभियन्ता निर्माण शाखा उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम रामनगर को लिखा गया है ? यदि हां, तो पेयजल निगम द्वारा संदर्भित प्रकरण पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक पेयजल समस्या का निवारण किया जायेगा ? | **पेयजल** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>19.02.16 | 13. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के विभिन्न क्षेत्रों को विकट पेयजल समस्या के निवारण हेतु 104 हैण्डपम्प अधिष्ठापित किए जाने के संबंध में जानकारी महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान नैनीताल के पत्रांक 275/वी0आई0पी/6 दिनांक 22 जनवरी, 2014 के द्वारा प्रश्नकर्ता को दी गयी है ? यदि हां, तो विगत 3 वर्षों में रामनगर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कहां कहां कितने हैण्ड पम्प अधिष्ठापित किए गए हैं तथा अवशेष हैण्ड पम्पों को कब तक अधिष्ठापित किए जाने की संभावना है ? | पेयजल |
| श्री हाजी सरवत करीम अंसारी<br>19.02.16 | 14. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में तैनात नर्सों की भॉति रू0 1000/–वाहन भत्ता प्रदेश के रा0प्रा0वि0 में तैनात शिक्षकों को भी देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री हाजी सरवत करीम अंसारी<br>19.02.16 | 15. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि नगर पालिका क्षेत्र मंगलौर में स्थापित रा0प्रा0वि0 में विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी होने से शिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? क्या सरकार नगर क्षेत्र कैडर को समाप्त करने पर विचार कर रही है या नगर क्षेत्र में शिक्षकों की तैनाती किये जाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>17.02.16 | 16. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से गॉव हैं, जिसमें जलपूर्ति न होने की शिकायतें रहती हैं? क्या सरकार उक्त गॉवों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु कोई कार्यवाही कर रही है तथा कब तक उक्त गॉवों की जलापूर्ति का समाधान किया जायेगा ? यदि नहीं तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री महावीर सिंह रांगड<br>17.02.16 | 17. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर में रा0प्रा0विद्यालय मराड़ का विद्यालय भवन वर्ष 1975 का बना हुआ है तथा जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है एवं इस विद्यालय में लगभग 150 छात्र एवं छात्राऐं अध्ययनरत है? क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन का पुर्ननिर्माण करने पर विचार कर रही है ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>19.02.16 | 18. | क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड जल संस्थान में 18 वर्षों से पम्प आपरेटर संविदा नियुक्ति की मांग कर रहे है ? यदि हॉ तो क्या सरकार पम्प ऑपरेटरों को विभागीय संविदा पर लेने पर विचार कर रही है? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | पेयजल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>19.02.16 | 19 | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के अन्तर्गत डीडीहाट नगर लिफ्ट पेयजल योजना का निर्माण कार्य धन अवमुक्त न होने के कारण बन्द पड़ा है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि किन कारणों से उक्त पेयजल योजना हेतु धन आवंटन नहीं हो पाया है ? क्या सरकार धन अवमुक्त करायेगी ? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>19.02.16 | 20 | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा डीडीहाट के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुशैल का भवन ध्वस्त हैं ? क्या सरकार भवन निर्माण हेतु धन स्वीकृत करायेगी ? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>20.02.16 | 21 | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश के बहुत से अशासकीय विद्यालयों में जिनमें शिक्षकों का वेतन सरकार देती है तथा छात्र संख्या भी बहुत अधिक है परन्तु प्रबन्धक संस्थाओं के पास धन की कमी के कारण भवन जर्जर स्थिति में है ? यदि हॉ तो क्या सरकार किसी दुर्घटना या अप्रिय घटना को रोकने के लिए उचित कार्यवाही करते हुए ऐसे भवनों का निर्माण या मरम्मत जनहित में कराएगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महन्त दलीप रावत<br>20.02.16 | 22 | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पौड़ी जिले के लैंसडौंन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नैनीडांडा पम्पिंग पेयजल योजना के अन्तर्गत दी गयी निविदा के शर्तों के अनुसार कार्य किया जा रहा है? यदि हॉ तो उक्त पेयजल योजना में जो ट्रीटमेंट प्लान्ट निविदा में दिया गया था उसमें निविदा के अनुसार कार्य न कराने के क्या कारण हैं ? क्या यह निविदा की शर्तों का उल्लघंन है ? यदि हॉ, तो विभाग दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>20.02.16 | 23 | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज खेतीखान में ऑडिटारियम निर्माण की मांग की जा रही है? यदि हॉ तो क्या सरकार वहॉ पर ऑडिटोरियम का निर्माण करायेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>23.02.16 | 24 | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 10 छात्र संख्या से कम छात्र संख्या वाले कुल कितने राजकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय है ? क्या सरकार ऐसे विद्यालयों के लिए कोई योजना बना रही है ? यदि नहीं तो क्या सरकार ऐसे विद्यालयों के सभी छात्रों के लिए प्रत्येक विकास खण्ड में आवासीय विद्यालय बनायेगी ? यदि हॉ तो कब तक? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>23.02.16 | 25 क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद चम्पावत के लोहाघाट के अन्तर्गत खूना मलक पेयजल योजना 30 वर्ष पुरानी योजना है जो वर्तमान में अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण हो चुकी है, क्या सरकार उक्त योजना का पुनर्गठन करने पर विचार करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>23.02.16 | 26 क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक पन्थ्यूड़ा का उच्चीकरण न होने के कारण वहॉ की छात्राओं को आगे की शिक्षा के लिए 10 कि0मी0दूर रा0इ0का0विविल जाना पड़ता है ? क्या सरकार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पन्थ्यूड़ा का उच्चीकरण करेगी ? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>24.02.16 | 27. विधान सभा के तृतीय सत्र 2014 के प्रथम गुरूवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या 26 के क्रम में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय इण्टर कालेज बहेड़ाखाल, पौड़ी गढवाल में शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति/तैनाती किये जाने के संबंध में तबसे अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि शिक्षकों के रिक्त पदों की वर्तमान स्थिति क्या है तथा कब तक इन रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती/नियुक्ति की जायेगी ? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>24.02.16 | 28. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों तथा राजकीय इण्टर कालेजों में शिक्षकों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विद्यालयवार विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति/तैनाती किए जाने की संभावना है ? क्या यह भी सत्य है कि विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत उच्चीकृत विद्यालयों में स्वीकृत पदो के सापेक्ष अभी तक शिक्षकों की नियुक्ति/तैनाती नहीं की गई है ? यदि हां, तो विद्यालयों को उच्चीकृत करने का औचित्य क्या है तथा उच्चीकृत विद्यालयों में पठन पाठन की व्यवस्था का विद्यालयवार विवरण क्या है तथा कब तक इन उच्चीकृत विद्यालयों में स्वीकृत पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति/तैनाती किए जाने की संभावना है ? | **शिक्षा** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>24.02.16 | 29. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के जिन स्थानों पर पेयजल की सुविधा नहीं है वहॉ पर सरकार मिनी ट्यूबवैल स्थापित कर पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **पेयजल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश चौहान<br>24.02.16 | 30. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत पिछले कई वर्षों में अनेक नई कालोनियां विकसित हो गई है किन्तु वर्ष 2012 से लेकर अब तक पेयजल निगम खण्ड हरिद्वार को पाईप लाईन डालने हेतु धन का आवंटन न होने के कारण अनेक कालोनियों व क्षेत्रों में पानी की लाईनें न डाले जाने के कारण नागरिकों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हॉ तो क्या सरकार अवगत करायेगी कि नई लाईनों हेतु धनराशि न देने के क्या कारण है? यदि धनराशि दी गई है तो उसकार वर्षवार विवरण क्या है? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>24.02.16 | 31. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के जनपदवार कितने इण्टर कालेजों में व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है तथा वर्तमान समय में कितने शिक्षकों के पद रिक्त है? क्या सरकार द्वारा प्रदेश के सभी इण्टर कालेजों में रिक्त व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र की जायेगी? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>24.02.16 | 32. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में पेयजल की आपूर्ति व रख रखाव का कार्य रामनगर जिला नैनीताल द्वारा किया जाता है ? क्या यह सत्य है कि दूसरा जनपद होने के कारण विभाग द्वारा ठीक से ध्यान नहीं दिया जाता है जिस कारण समय समय पर अत्याधिक समस्याऐं उत्पन्न होती रहती हैं ? क्या सरकार सल्ट जनपद अल्मोड़ा में पेयजल व्यवस्थाओं के ठीक संचालन हेतु कोई कार्यालय खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>24.02.16 | 33. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिन स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों की शहादत के कारण देश आजाद हुआ था, उनकी शहादत को अमर रखने के लिए यदि उनके परिवार द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार छोटा सा शहीद स्मारक व मूर्ति की स्थापना कर दी गयी हो तो क्या सरकार उनका सौन्दर्यीकरण या छोटी मूर्ति के स्थान पर बड़ी मूर्ति लगाने का कार्य करेगी ? यदि हां, तो क्या सरकार स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्व0 हरक राम, ग्राम उत्थान समिति, तल्ला बिरल गांव सल्ट द्वारा किये गये निवेदन पर शहीद स्मारक का निर्माण करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृति** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br><br>24.02.16 | 34. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में कुल कितने प्रा0 विद्यालय, जू0 हाई स्कल व इण्टर मीडिएट के विद्यालय जीर्ण शीर्ण स्थिति में संचालित हो रहे हैं जो कभी भी गम्भीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं ? क्या सरकार ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करते हुए शीघ्र भवनों का पुनर्निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br><br>24.02.16 | 35. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड में बी0पी0एड0/एम0पी0एड0 शिक्षकों को वर्ष 2006 से रोजगार नहीं दिया गया है जिन्हें पूर्व में विशिष्ट बी0टी0सी0 के रूप में रोजगार दिया जाता था तथा अब इन्हें इनके अधिकारों से वंचित किया गया है? मा0मुख्यमंत्री ने दिनांक 27 दिसम्बर 2014 को पीपल कोटी चमोली गढ़वाल में 5000 ( बी0पी0एड0/एम0पी0एड0 ) व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति की जो घोषणा की थी क्या सरकार मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा पर इन बेरोजगार (बी0पी0एड0/एम0पी0एड0) व्यायाम शिक्षकों को नियुक्ति देने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>25.02.16 | 36. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र रामनगर की 21 पेयजल योजनाओं के संबंध में उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून के पत्रांक 79/अप्रै0,03/मा0 विधायक रामनगर/2014–15 दिनांक 04 अप्रेल, 2014 के द्वारा उपलब्ध कराई गई आख्या पर अब तक हुई प्रगति का योजनावार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि जिन योजनाओं के निर्माण/अनुरक्षण हेतु धन उपलब्ध न होने की बात की गई है उन योजनाओं के लिए धन कब तक उपलब्ध किया जायेगा ? | **पेयजल** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>25.02.16 | 37. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के अन्तर्गत पैडुल ग्राम समूह पेयजल योजना से राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय बहेड़ाखाल तथा ग्राम सभा आवासीय भवन बहेड़ाखल के निजी जल संयोजनों पर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1116/मंत्री/23–पेयजल/2014–15 दिनांक 19 मई, 2014 के द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, पौड़ी गढ़वाल को लिखा गया है ? यदि हां, तो जल संस्थान द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक जलापूर्ति सुनिश्चित करवाई जायेगी ? | **पेयजल** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल 25.02.16 | 38. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ऋषिकेश वि0स0क्षेत्र में कितने पब्लिक स्कूल संचालित हो रहे है? क्या वहां शिक्षा का अधिकार अधिनियम आर0टी0ई0 के लागू हाने के बाद से अब तक अधिनियम के अनुसार अंशानुसार निर्धन छात्र/छात्राओं को शिक्षा दी जा रही है एवं पीटीए का गठन हर वर्ष किया गया है ? यदि नहीं तो ऐसे विद्यालयों के विरूद्ध सरकार ने क्या–क्या कदम उठाये? | **शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 25.02.16 | 39. | क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिन स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों की शहादत के कारण देश आजाद हुआ था, उनकी शहादत को अमर रखने के लिए यदि उनके परिवार द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार छोटा सा शहीद स्मारक व मूर्ति की स्थापना कर दी गयी हो तो क्या सरकार उनका सौन्दर्यीकरण या छोटी मर्ति के स्थान पर बड़ी मूर्ति लगाने का कार्य करेगी ? यदि हां, तो क्या सरकार स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्व0 हरक राम, ग्राम उत्थान समिति, तल्ला बिरल गांव सल्ट द्वारा किये गये निवेदन पर शहीद स्मारक का निर्माण करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृति** |
| श्री हाजी सरवत करीम अंसारी 25.02.16 | 40. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान राजकीय विद्यालयों में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कक्षा –01 से 08 तक क्या–क्या सुविधायें प्रदान की जा रही है? क्या प्रदेश में मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त मदरसों में निःशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तकें शिक्षण सामग्री वार्षिक अनुदान इत्यादि की सुविधा देने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री हाजी सरवत करीम अंसारी 25.02.16 | 41. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत बोर्ड से मान्यता प्राप्त मदरसों हेतु क्या–क्या सुविधायें निःशुल्क प्रदान किये जाने का प्राविधान है? क्या प्रदेश में मदरसों को सर्व शिक्षा अभियान की गाइड लाइन के अनुसार सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है? यदि हॉ तो सम्पूर्ण विवरण क्या है? यदि नहीं तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री हाजी सरवत करीम अंसारी 25.02.16 | 42. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मदरसा बोर्ड से फौकनिया स्तर (कक्षा–09 से कक्षा 10 तक) मान्यता प्राप्त मदरसों/स्कूलों में कक्षा 09 में अध्ययनरत् बालिकाओं को भी राजकीय स्कूलों की भॉति निःशुल्क साईकिल देने पर सरकार विचार कर रही है? क्या सरकार मदरसा बोर्ड से हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी को उत्तराखण्ड बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 11 में प्रवेश दिया जायेगा? यदि हॉ तो सम्बन्धित शासनादेश की प्रति उपलब्ध करायेगें? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हाजी सरवत करीम अंसारी 25.02.16 | 43. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हाल में शिक्षा विभाग में बी0एड0, टी0ई0टी0 के अध्यापकों के चयन में प्रदेश के कितने कुशल खिलाड़ियों का चयन किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षकों की चयन प्रक्रिया में कुशल खिलाड़ियों को शासनादेश के अनुसार आरक्षण प्रदान किया गया है? यदि हॉ तो तदसम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण क्या है? यदि नहीं तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री कुवंर प्रणव सिंह "चैम्पियन" 26.02.16 | 44. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार में वर्ष 2015–16 हेतु शौचालयों निर्माण हेतु 'प्रोत्साहन राशि' के रूप में रू0 12000/–केवल अनु0जा0 एवं अनु0जन0जा0 वर्ग में ही वितरित किया गया है एवं ओ0बी0सी0 एवं सामन्य वर्ग में आने वाली जनसंख्या को उक्त योजना का लाभ नहीं दिया गया? क्या भारत सरकार द्वारा लगभग रू 13.00 करोड़ उक्त योजना हेतु राज्य सरकार को जारी किये गये हैं? क्या सरकार उक्त प्रोत्साहन राशि को ओ0बी0सी0 तथा सामान्य वर्ग हेतु जारी करेगी? यदि हॉ तो कब तक कितनी धनराशि? यदि नहीं तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 26.02.16 | 45. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश भर में अतिथि शिक्षक (गेस्ट टीचर) की तैनाती कुछ विशेष अनुबन्धानुसार उनकी सेवा अवधि भी नियत की गयी है अनुबन्ध समाप्त होने के पश्चात क्या उनका भविष्य अन्धकारमय नहीं हो जायेगा और क्या सीमित समय के लिए नियुक्ति शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को प्रभावित नहीं करेगी? यदि हॉ तो क्या सरकार इन शिक्षकों की नियुक्ति सीमित समय के बजाय पूर्ण कालिक करने पर विचार करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल 29.02.16 | 46. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि ऋषिकेश नगर व अन्य क्षेत्रों में बिछी पेयजल लाईनें वर्षों पुरानी है? यदि हॉ तो क्या सरकार वहॉ बढ़ती आवादी को देखते हुए अपर्याप्त व पुरानी लाईनों को नई मांग के आधार पर बदलने जा रही है? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री माल चन्द 29.02.16 | 47. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा पुरोला के अन्तर्गत महासू देवता मन्दिर हनोल, कर्ण मन्दिर देवरा, शेडकुडिया मन्दिर दोणी–मसरी कपिलमुनि मन्दिर गुन्दियाटगांव, समेश्वर मन्दिर जखोल कोटगांव महाशिव मन्दिर ठडियार–सराजी, पोखू मन्दिर नैटवाड, रूद्रेश्वर मन्दिर बजलाडी–कंडाऊ–देवसरी–तियां, राजा रघुनाथ मन्दिर पुजैली–गैर बनाल, भद्रकाली मन्दिर हुडोली–सिरगूल मन्दिर पुरोला, कालिगनाग मन्दिर सरबडियार आदि धार्मिक एवं पर्यटक स्थानों का चारधाम यात्रा की व्यवस्था के आधार पर सौन्दर्यकरण करायेगी? क्या सरकार उपरोक्त मन्दिरों का सौन्दर्यकरण कर पर्यटकों व यात्रियों द्वारा गरीब व युवा बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध करायेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | **पर्यटन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>05.02.2016 | 48. | क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि मसूरी स्थित किंक्रेग में मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि दिनांक 28 मार्च, 2015 को उनके द्वारा उक्त पार्किंग का शिलान्यास किये जाने के बाद भी आज तक पार्किंग का कार्य प्रारम्भ नही हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार मसूरी के किंक्रेग में पार्किंग निर्माण का कार्य प्रारम्भ करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री हरबंस कपूर<br>08.02.2016 | 49. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि देहरादून महानगर क्षेत्र को सीवर लाइन से अच्छादित करने का कोई कार्य चल रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस योजना का प्रारूप क्या है तथा इसे कब तक पूरा होना है ? | **पेयजल** |
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल<br>25.02.16 | 50. | क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि ऋषिकेश में पर्यटकों के आकर्षण हेतु काले की ढाल पर 'संजय झील' प्रस्तावित की गयी थी? यदि हॉ तो इसके सौन्दर्यकरण के लिए सरकार ने अभी तक क्या–क्या कदम उठाये एवं भविष्य में क्या–क्या योजनाऐं इसके उत्थान में की जायेगी? यदि नहीं तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री दलीप रावत<br>04.02.2016 | 51. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तहसील कोटद्वार जिला पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कण्व आश्रम (कलालघाटी) में झील निर्माण कार्ययोजना स्वीकृत है ? यदि हां, तो झील निर्माण नहीं होने के क्या कारण हैं? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |

## नत्थी "ख"

## कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 16 मार्च, 2016 की बैठक में दिनांक 17 मार्च, 2016 से 18 मार्च , 2016 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

मार्च, 2016

17 गुरुवार

विधायी कार्य

1. उत्तराखण्ड पंचायती राज विधेयक, 2016 पर विचार एवं पारण। (30 मिनट)
2. उत्तराखण्ड आवासीय विश्वविद्यालय विधेयक, 2016 पर विचार एवं पारण। (30 मिनट)
3. उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग (संशोधन) विधेयक, 2016 पर विचार एवं पारण। (30 मिनट)
4. उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग (संशोधन), विधेयक2016 पर विचार एवं पारण। (30 मिनट)

1. आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा।
2. विभागवार अनुदान माँगों पर चर्चा एवं मतदान।

| | |
|---|---|
| अनुदान सं0–05 | निर्वाचन |
| अनुदान सं0–07 | वित्त, कर नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें |
| अनुदान सं0–06 | राजस्व एवं सामान्य प्रशासन |
| अनुदान सं0–18 | सहकारिता |
| अनुदान सं0–20 | सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण |
| अनुदान सं0–12 | चिकित्सा एवं परिवार कल्याण |
| अनुदान सं0–19 | ग्राम्य विकास |
| अनुदान सं0–25 | खाद्य |
| अनुदान सं0–26 | पर्यटन |

18 शुक्रवार 1. विभागवार अनुदान माँगों पर चर्चा एवं मतदान

| | |
|---|---|
| अनुदान सं0–29 | औद्यानिक एवं रेशम |
| अनुदान सं0–11 | शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति |
| अनुदान सं0–27 | वन |
| अनुदान सं0–13 | जलापूर्ति आवास एवं नगर विकास |
| अनुदान सं0–17 | कृषि कर्म एवं अनुसंधान |
| अनुदान सं0–28 | पशुपालन |
| अनुदान सं0–16 | श्रम एवं रोजगार |

| | | |
|---|---|---|
| अनुदान सं0–01 | विधान सभा | विवाद नहीं होगा। |
| अनुदान सं0–02 | राज्यपाल | विवाद नहीं होगा। |
| अनुदान सं0–03 | मंत्रि–परिषद | विवाद नहीं होगा। |
| अनुदान सं0–04 | न्याय प्रशासन | विवाद नहीं होगा। |
| अनुदान सं0–08 | आबकारी | |
| अनुदान सं0–09 | लोक सेवा आयोग | विवाद नहीं होगा। |
| अनुदान सं0–10 | पुलिस एवं जेल | |
| अनुदान सं0–14 | सूचना | |
| अनुदान सं0–15 | कल्याण योजनाओं से सम्बद्व | |
| अनुदान सं0–21 | ऊर्जा तथा वैकल्पिक ऊर्जा | |
| अनुदान सं0–22 | लोक निर्माण | |
| अनुदान सं0–23 | उद्योग | |
| अनुदान सं0–24 | परिवहन | |
| अनुदान सं0–30 | अनुसूचित जातियों का कल्याण | |
| अनुदान सं0–31 | अनुसूचित जनजातियों का कल्याण | |

2. उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2016 का पुरःस्थापन, विचार एवं पारण।

3. विधायी कार्य

   1. उत्तराखण्ड जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2016 पर विचार एवं पारण। (30 मिनट)
   2. उत्तराखण्ड पर्वतीय क्षेत्रों के लिए जोत चकबन्दी विधेयक, 2016 पर विचार एवं पारण। (30 मिनट)
   3. उत्तराखण्ड राज्य की नागर निकायों मे अवस्थित मलिन बस्तियों के सुधार, विनियमितीकरण, पुनर्वास, पुनर्व्यस्थापन एवं अतिक्रमण निषेध विधेयक, 2016 पर विचार एवं पारण। (30 मिनट)

# नत्थी- "ग"

## वित्तीय वर्ष 2016-2017 के अनुदान मांगों में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्याः- 05-निर्वाचन, 07-वित्त, कर नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें, 06-राजस्व एवं सामान्य प्रशासन, 18-सहकारिता, 20-सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, 12-चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, 19-ग्राम्य विकास, 25-खाद्य, 26 पर्यटन।

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1 श्री अजय भट्ट | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| 2 श्री तीरथ सिंह | |
| 3 श्री हरबंस कपूर | |
| 4 श्री बंशीधर भगत | |
| 5 श्री बिशन सिंह चुफाल | |
| 6 श्री मदन कौशिक | |
| 7 श्रीमती विजय बड़थ्वाल | |
| 8 श्री हरभजन सिंह चीमा | |
| 9 श्री अरविन्द पाण्डे | |
| 10 श्री चन्दन राम दास | |
| 11 श्री सुरेन्द्र सिंह जीना | |
| 12 श्री चन्द्रशेखर | |
| 13 श्री गणेश जोशी | |
| 14 श्री मालचन्द | |
| 15 श्री पुष्कर सिंह धामी | |
| 16 श्री राजेश शुक्ला | |
| 17 डा० प्रेम सिंह राणा | |
| 18 श्री राजकुमार ठुकराल | |
| 19 श्री महावीर सिंह रांगड़ | |
| 20 श्री सहदेव सिंह पुण्डीर | |
| 21 श्री आदेश चौहान | |
| 22 श्री संजय गुप्ता | |
| 23 स्वामी यतीश्वरानन्द | |
| 24 श्री दलीप रावत | |
| 25 श्री पूरन सिंह फर्त्याल | |
| 26 श्री दान सिंह भण्डारी | |